**Series A6BAB/C**

**Set No. 2**

प्रश्न-पत्र कोड **29/6/2**

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **9** प्रश्न हैं ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*

# हिन्दी (ऐच्छिक)

# HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **9** प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह दो खण्डों (क और ख) में विभाजित है ।*

*(iii)* *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड क

## (कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन) 20

**1.** निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी ***एक*** शीर्षक पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : *1×5=5*

(क) धरती का बढ़ता तापमान

(ख) अपना अनुशासन स्वयं

(ग) खेल के मैदान में जब हम विपक्षी टीम से चार रन पीछे थे

**2.** (क) आपका नाम अभिराम/रमणी है । क. ख. ग. बैंक में आपका बचत खाता है । उसी बैंक का आपका क्रेडिट कार्ड कहीं खो गया है । अपने बैंक खाते से किसी के द्वारा नकद निकासी या खरीददारी की निकासी पर रोक लगाने के लिए बैंक के प्रबंधक को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) महामारी के समय चिकित्साकर्मियों द्वारा स्वयं संकट झेलकर और परिवार की उपेक्षा कर जो समाज सेवा का प्रशंसनीय कार्य किया गया उसकी प्रशंसा करते हुए किसी दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए । *5*

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

(i) (क) विशेष रिपोर्ट किसे कहते हैं ? इसे किस शैली में लिखा जाता है और इसकी भाषा कैसी होनी चाहिए ? *3*

**अथवा**

(ख) फ़ीचर लेखन में किन तीन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? *3*

(ii) (क) अच्छे लेखन की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) उलटा पिरामिड शैली के समाचार-लेखन की मानक शैली बनने के दो कारण लिखिए । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए :

(i) (क) 'द्वंद्व' से आप क्या समझते हैं ? कथानक के बुनियादी तत्त्वों में 'द्वंद्व' का महत्त्व बहुत अधिक क्यों होता है ? उदाहरण सहित समझाइए । *3*

**अथवा**

(ख) कहानी में कहानीकार संवादों को क्यों जोड़ता है ? यह भी लिखिए कि संवाद कैसे होने चाहिए, कोई एक बिंदु लिखिए । *3*

(ii) (क) प्राचीन काल में मौखिक कहानियों की लोकप्रियता के क्या कारण थे ? दो कारण लिखिए । *2*

**अथवा**

(ख) नाटक को 'दृश्य काव्य' की संज्ञा क्यों दी गई है ? नाटक के मंच निर्देश हमेशा वर्तमान काल में ही क्यों लिए जाते हैं ? *2*

## खण्ड ख

## (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) 20

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में निहित काव्य-सौन्दर्य लिखिए : *3*

मातु मंदि मैं साधु सुचाली । उर अस आनत कोटि कुचाली ।।
फरइ कि कोदव बालि सुसाली । मुकता प्रसव कि संबुक काली ।।

(ख) निम्नलिखित काव्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए : *3*

एकसरि भवन पिआ बिनु रे मोहि रहलो न जाए ।
सखि अनकर दुख दारुन रे जग के पति आए ।।

(ग) तुलसीदास द्वारा रचित 'भरत-राम का प्रेम' प्रसंग का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए । *3*

**6.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *1×2=2*

(क) 'भरत-राम का प्रेम' प्रसंग के आधार पर राम के चरित्र की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । *2*

(ख) फागुन मास में रानी नागमती की विरह वेदना का संक्षिप्त वर्णन 'बारहमासा' के आधार पर कीजिए । *2*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'चार हाथ' लघुकथा के आधार पर बताइए कि उत्पादन बढ़ाने के लिए मिल मालिक ने क्या उपाय किए । आप उसकी जगह होते तो क्या उपाय करते ? *3*

(ख) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ से ली गई प्रस्तुत पंक्ति 'विकास के उजले पहलू के पीछे विनाश का अंधेरा भी था ।' का आशय सिंगरौली गाँव के संदर्भ में सिद्ध कीजिए । *3*

(ग) 'दूसरा देवदास' कहानी के आधार पर मंसा देवी जाने के लिए केबिल कार में बैठे हुए संभव के मन में क्या कल्पनाएँ उठ रही थीं ? अपने शब्दों में वर्णन कीजिए । *3*

**8.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** प्रश्न का उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *1×2=2*

(क) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के आधार पर लिखिए कि अंधाधुंध विकास और पर्यावरण संबंधी सुरक्षा के बीच संतुलन से क्या लाभ हो सकता है । *2*

(ख) 'साझा' लघुकथा के माध्यम से लेखक ने किनका पर्दाफ़ाश किया है और क्यों ? *2*

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×2=4*

(क) 'गरमी में कभी-कभी लू लगने की घटनाएँ सुनाई पड़ती ।' माँ लू से बचने के लिए धोती या कमीज से गाँठ लगाकर प्याज बाँध देतीं । लू लगने की दवा थी कच्चे आम का पन्ना । भूनकर गुड़ या चीनी में उसका शरबत पीना, देह में लेपना, नहाना । कच्चे आम को भून या उबालकर उससे सिर धोते थे ।

'बिस्कोहर की माटी' पाठ में ग्रामीण जीवन में प्रकृति से प्राप्त उपादानों से बीमारियों के रोकथाम की बात कही गई है । आप भी यदा-कदा इन नुस्खों का प्रयोग अवश्य करते होंगे इस संबंध में अपने अनुभवों का उल्लेख कीजिए । *2*

(ख) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के आधार पर गाँव में हुई बरसात का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए । *2*

(ग) औद्योगिक विकास के युग में आज हमारी नदियाँ गंदे नाले के रूप में क्यों और कैसे बदलती जा रही हैं ? 'अपना मालवा — खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के संदर्भ में लिखिए । *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform